# स्वास्थ विभाग तथा स्वच्छता कर्मियो के साथ एक संवेदीकरण बैठक गांधी प्रेक्षागृह में हुई सम्पन्न





युवा हस्ताक्षर ब्यूरो

**शाहजहांपुर।** गाधी भवन सभागार में नगर निगमए द्वारा संचारी रोगो एवं दिमागी बुखार पर प्रभावी नियंत्रण हेतु अभियान 01 जुलाई से 31 जुलाई तक एवं दस्तक अभियान 12 जुलाई से चलाये जाने के सम्बन्ध में निर्वतमान सभासदो, निगरानी समितियों, स्वास्थ्य विभाग तथा स्वच्छता कर्मियो के साथ एक संवेदीकरण बैठक की गई। बैठक में नगर आयुक्त द्वारा अवगत कराया गया कि संचारी रोगो तथा दिमागी बुखार पर प्रभावी नियंत्रण एवं इनका त्वरित एवं सही उपचार जनसामान्य को उपलब्ध कराना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिताओ में से एक है। नगर आयुक्त ने बैठक में उपस्थित जनप्रतिनिधि एवं मोहल्ला निगरानी समितियो से विशेष अनुरोध किया कि अपने.अपने क्षेत्र संचारी रोगो की रोकथाम के लिये जनसामान्य को जागरूक करें तथा निगरानी समितियो यह भी सुनिश्चित करें कि उनके क्षेत्र/ मोहल्ले में कोविड रोग के लक्षणयुक्त व्यक्तियों को दवाओ उपलब्ध कराने में उनको पूर्ण सहयोग प्रदान करें तथा जनसामान्य को स्वच्छता के उपायों, खुले में शौच आदि न करने तथा शुद्ध जल प्रयोग करने हेतु जागरूक करें। नगर आयुक्त महोदय ने समस्त सफाई एवं खाद्य निरीक्षको को निर्देशित किया कि अपने.अपने क्षेत्र में खुली नालियों को ढ़कने की व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिये सूची बनाकर निर्माण अनुभाग को दिया जाना सुनिश्चित करें एवं अपने क्षेत्र मे नालियों की सफाई की इस प्रकार व्यवस्था सुनिश्चित करें कि नालियों में कचरा आदि न रहे। सड़को एवं नालियों के किनारे उगी वनस्पतियो को नियमित रूप हटवाया जाये एवं अपने.अपने क्षेत्र में प्रतिदिन फागिंग की व्यवस्था कराना सुनिश्चित करे तथा अपने क्षेत्र में जनसामान्य को वैक्सीन लगवाये जाने हेतु प्रेरित करें। श्री उमेश कुमार, अवर अभियन्ता को निर्देशित किया कि नगर निगम क्षेत्र के अन्तर्गत व्यापक सर्वे कराकर उथले हैण्डपम्पो का प्रयोग रोकने के लिये उन्हे लाल रंग से चिन्हित करे एवं हैण्डपम्पो के पाइप को चारो ओर से कंकरीट व सीमेन्ट के मिश्रण से बन्द करना एवं हैण्डपम्पो के पास अपशिष्ट जल के निकलने के लिये सोक-पिट का निर्माण सुनिश्चित करें। नगर आयुक्त ने अवर अभियन्ता (जल) को निर्देशित किया कि शुद्ध पेयजल की गुणवत्ता के अनुश्रवण के लिये बैक्टीरियोलॉजिकल/ वायरोलॉजिकल जाँच सुनिश्चित की जाये। इस मौके पर नगर आयुक्त संतोश कुमार शर्मा, मुख्य चिकित्साधिकारी, एस०पी०गौतम, अपर नगर आयुक्त श्री एस०के०सिंह, सहायक नगर आयुक्त श्रीमती रश्मि भारती एवं श्री अंगद गुप्ता, अवर अभियन्ता (जल) सूरज प्रजापति, डी०एफ०ओ० पी०के० श्रीवास्तव, डब्लू० एच०ओ० के प्रतिनिधि, यूनीसेफ के प्रतिनिधि, समस्त सफाई एवं खाद्य निरीक्षक, निर्वतमान सभासद, आचार्य, समस्त सफाई नायक उपस्थित रहें।

# नगर निगम ने निर्वतमान सभासदो, निगरानी समितियों, स्वास्थ्य विभाग तथा स्वच्छता कर्मियो के साथ की बैठक

**ऑडिशन टाइम्स शाहजहाँपुर** गाँधी भवन सभागार में नगर निगम द्वारा संचारी रोगों एवं दिमागी बुखार पर प्रभावी नियंत्रण हेतु अभियान 01 जुलाई से 31 जुलाई तक एवं दस्तक अभियान 12 जुलाई से चलाये के सम्बन्ध में निर्वतमान, सभासदो, निगरानी समितियों, स्वास्थ्य विभाग तथा स्वच्छता कर्मियो के साथ संवेदीकरण बैठक की गई। बैठक में नगर आयुक्त सन्तोष कुमार शर्मा द्वारा अवगत कराया गया कि संचारी रोगो तथा दिमागी बुखार पर प्रभावी नियंत्रण एवं इनका त्वरित एवं सही उपचार जनसामान्य को उपलब्ध कराना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिताओ में से एक है। नगर आयुक्त ने बैठक में उपस्थित जनप्रतिनिधि एवं मोहल्ला निगरानी समितियो से विषेश अनुरोध किया कि अपने-अपने क्षेत्र संचारी रोगो की रोकथाम के लिये जनसामान्य को जागरूक करें तथा निगरानी समितियो यह भी सुनिश्चित करें कि उनके क्षेत्र/मोहल्ले में कोविड रोग के लक्षणयुक्त




व्यक्तियों को दवाओ उपलब्ध कराने में उनको पूर्ण सहयोग प्रदान करें तथा जनसामान्य को स्वच्छता के उपायों, खुले में शौच आदि न करने तथा शुद्ध जल प्रयोग करने हेतु जागरूक करें। नगर आयुक्त ने समस्त सफाई एवं खाद्य निरीक्षको को निर्देषित किया कि अपने-अपने क्षेत्र में खुली नालियों को ढ़कने की व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिये सूची बनाकर निर्माण अनुभाग को दिया जाना सुनिश्चित करे एवं अपने क्षेत्र मे नालियों की सफाई की इस प्रकार व्यवस्था सुनिश्चित करे कि नालियों में कचरा आदि न रहे, सड़को एवं नालियों के किनारे उगी वनस्पतियो को नियमित रूप हटवाया जाये एवं अपने-अपने क्षेत्र में प्रतिदिन फागिंग की व्यवस्था कराना सुनिश्चित करे तथा अपने क्षेत्र में जनसामान्य को वैक्सीन लगवाये जाने हेतु प्रेरित करें।

उमेश कुमार को निर्देशित किया कि नगर निगम क्षेत्र के अन्तर्गत व्यापक सर्वे कराकर उथले हैण्डपम्पो का प्रयोग रोकने के लिये उन्हे लाल रंग से चिन्हित करे एवं हैण्डपम्पो के पाइप को चारो ओर से कंकरीट व सीमेन्ट के मिश्रण से बन्द करना एवं हैण्डपम्पो के पास अपशिष्ट जल के निकलने के लिये सोक-पिट का निर्माण सुनिश्चित करें। नगर आयुक्त ने अवर अभियन्ता (जल) को निर्देषित किया कि शुद्ध पेयजल की गुणवत्ता के अनुश्रवण के लिये बैक्टीरियोलॉजिकल/वायरोलॉजिकल जॉच सुनिश्चित की जाये। नगर आयुक्त द्वारा अपील की गई जो व्यक्ति 18 वर्ष से ऊपर की आयु के हैं वे ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन कराकर अपने नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में टीकाकरण करवाये क्योंकि कोविड-19 से बचाव हेतु टीकाकरण ही एकमात्र उपाय है उन्होंने बताया दूसरी लहर में लोग ज्यादा प्रभावित हुए और अब तीसरी लहर जोकि अगस्त-सितंबर माह में अनुमानित है अतः इससे बचाव हेतु हमें अधिक से अधिक टीकाकरण कराना होगा।

जिसके क्रम में नगर आयुक्त द्वारा सभी सभासदों से अपील की गई कि वह अपने अपने क्षेत्र में वोटर लिस्ट का प्रयोग कर 18 वर्ष के लोगों को चिन्हित कर टीकाकरण करवाये जिससे वैश्विक महामारी कोविड-19 को कंट्रोल किया जा सके। इस मौके पर मुख्य चिकित्साधिकारी एस पी गौतम, अपर नगर आयुक्त एस के सिंह, सहायक नगर आयुक्त रश्मि भारती एवं अंगद गुप्ता, अवर अभियन्ता (जल) सूरज प्रजापति, डी एफ ओ पी के श्रीवास्तव, डब्लू एच ओ के प्रतिनिधि, यूनीसेफ के प्रतिनिधि, समस्त सफाई एवं खाद्य निरीक्षक, निर्वतमान सभासद, आशायें, समस्त सफाई नायक उपस्थित रहें।